
हरिभूमि
# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 24 नवंबर 2025

06 महिला आत्मनिर्भर फाउंडेशन भोपाल...



07 14 जैनेश्वरी दीक्षाओं का थूवोनजी की धार्मिक धरा पर ऐतिहासिक...





## समाचार संक्षेप

### संभागीय प्रभारी का प्रथम आगमन आज, कई बैठकें लेंगे



**गुना।** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त संभागीय प्रभारी डॉ निशांत खरे का अपनी नियुक्ति के बाद प्रथम बार गुना आगमन आज सोमवार को होगा। वे प्रातः 11 बजे सड़क मार्ग द्वारा गुना पहुँचेंगे जहाँ वे विभिन्न संगठनात्मक बैठकों में शामिल होंगे। उनके आगमन की तैयारियाँ को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार की अध्यक्षता में स्थानीय सांसद जनसंपर्क कार्यालय में बैठक आयोजित की गई, जिसमें कार्यक्रमों की रूप रेखा तैयार की गई। मीडिया प्रभारी अंकुर श्रीवास्तव ने बताया कि संभागीय प्रभारी डॉ निशांत खरे नागरिक गहन पुनरीक्षण अभियान के संबंध में बैठक लेंगे। साथ ही पार्टी के पदाधिकारियों के साथ औपचारिक परिचय बैठक करेंगे। बैठक में विधायक पन्नालाल शाक्य, नगरपालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता सहित जिला कार्यकारिणी सदस्य, मंडल अध्यक्ष सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। वे रात्रि विश्राम गुना करेंगे तथा मंगलवार को अशोकनगर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### जहरीला पदार्थ खाने से महिला की मौत पति-मायका पक्ष के आरोपों से बढ़ा विवाद

**गुना।** जिले के मकसूदनगढ़ थाना क्षेत्र के चंदपूरा गांव में जहरीला पदार्थ खाने से 32 वर्षीय महिला अनीता बाई अहिरवार की मौत हो गई। महिला मूलतः भोपाल जिले के नजीराबाद थाना क्षेत्र के गांव सिंदोड़ा की निवासी थी। घटना शनिवार शाम उपचार के दौरान हुई। रविवार को शव का पीएम कराकर परिजनों को सौंपा गया। जिसके बाद पति और मायके पक्ष के अलग-अलग दावे सामने आने से मामला संदिग्ध हो गया है। फिलहाल पुलिस पूरे प्रकरण की जांच कर रही है।

### लक्ष्मण सिंह बोले - गुलामी की मानसिकता छोड़िए, अपनी बात रखना सीखो



**गुना।** समरसता यात्रा लेकर बमोरी विधानसभा के मारकी मऊ में ग्राम पहुंचे पूर्व विधायक एवं सांसद, रोजगार और लघु उद्योग की संभावना तलाशने दुकानदारों से चर्चाकी। राष्ट्रीय हित सर्वोपरि की भावना के साथ शनिवार को पूर्व सांसद लक्ष्मण सिंहने गुना जिले की बमोरी विधानसभा क्षेत्र में सामाजिक समरसता यात्रा निकाली। यात्रा निहालदेवी माता मंदिर से शुरू होकर ग्राम मारकीमऊ के हाट बाजार तक पहुंची, जिसका समापन एक नुक्कड़ सभा के रूप में हुआ। समरसता यात्रा के दौरान मारकी मऊ में ग्रामीणों से चर्चा करते हुए लक्ष्मण सिंह ने चिंता जताई कि उन्हें जानकारी मिली है कि इस क्षेत्र से 30 से 35 हजार मजदूर काम करने के लिए बाहर जा रहे हैं, जो पहले कभी नहीं सुना जाता था। पूर्व सांसद ने प्रशासनिक अधिकारियों पर आम नागरिकों को डराने का आरोप लगाते हुए कहा कि बिजली कंपनी सहित तमाम अधिकारी क्षेत्र की सीधी-साधी जनता को डराकर रखते हैं। उन्होंने गुलामी की मानसिकता पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि नेताओं को हौआ बना रखा है, जबकि नेता आपके ही हैं। इसलिए अपनी बात रखने की जागरूकता आना चाहिए।

## गर्भवती महिला का हीमोग्लोबिन कम होने पर एएनएम ने किया रक्तदान

# 14 बार रक्तदान कर महिलाओं के लिए मिसाल बनी रानी

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

अमूमन रक्तदान करने वाले बिना किसी प्रचार प्रसार के अपना कार्य करते रहते हैं लेकिन जब उनका किया सार्वजनिक होता है तो अपने आप में नजीर बन जाता है।

पिछले दिनों एक डॉक्टर द्वारा मरीज को रक्तदान करने की खबर ने खूब सुर्खियां बटोरी थी और तारीफ भी पाई। लेकिन स्वास्थ्य विभाग में और भी ऐसे तमाम लोग हैं जो आवश्यकता पड़ने पर तत्काल मरीज को अपना खून देकर उसकी जान बचाने में पीछे नहीं रहते। ऐसी ही है एएनएम रानी साहू जिन्होंने ऐसे ही विशेष मौकों पर अब तक एक दो बार नहीं बल्कि पूरे 14 बार रक्तदान कर न केवल स्वास्थ्य विभाग बल्कि महिलाओं में भी एक मिशाल कायम की है।



### कौन है रानी साहू

*एएनएम रानी साहू जो की उपस्वास्थ्य केंद्र झागर ब्लॉक बमौरी में पदस्थ हैं उन्होंने कुंभराज क्षेत्र के ग्राम मोहम्मदपुर की गर्भवती महिला जिनका हीमोग्लोबिन 6 ग्राम था उन्हें रक्तदान किया उन्होंने यह रक्तदान कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजकुमार ऋषिश्वर एवं सी बी एम ओ डॉ लक्ष्मी कुमार की प्रेरणा से किया।*

### 14 बार दें चुकी हैं जरूरतमंदों को अपना खून

उन्होंने बताया कि वो 14 बार अपना रक्त दान जरूरत मंदों को कर चुकी हैं। उन्हें रक्तदान की पहली प्रेरणा पूर्व सी एम एच ओ एवं वर्तमान सेवा भारती एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव डॉ रामवीर सिंह रघुवंशी से मिली थी जब से वो लगातार रक्तदान कर रही हैं। 14 बार रक्तदान कर उन्होंने महिलाओं में एक मिशाल कायम की है।

### बहुत ही नेक कार्य है

रानी के प्रेरणा स्त्रोत डॉक्टर राम सिंह रघुवंशी कहते हैं कि रक्तदान महादान होता है यह हम सभी जानते हैं क्योंकि रक्त हम उत्पादित नहीं कर सकते यह सिर्फ रक्तदान से ही प्राप्त हो सकता है। आपके खून की एक बूंद किसी का जीवन बचा सकती है इसलिए हमें जीवन में अधिक से अधिक रक्तदान करना चाहिए। गर्व का अनुभव होता है।

### एक्सपर्ट की राय

खास बात यह है कि रक्तदान करने के पश्चात जब व्यक्ति की जान बच जाती है तो उसे देखकर जो प्रसन्नता का अनुभव होता है उसकी कोई कीमत नहीं होती और अपने आप में एक अच्छे नागरिक होने पर हमें गर्व होता है। समाज को भी ऐसे लोगों को समय-समय पर प्रोत्साहित एवं पुरस्कृत भी किया जाना चाहिए ताकि अन्य लोग भी प्रेरित हों।

### विधानसभा 30-चाचौड़ा में विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 अंतर्गत 65 प्रतिशत पुनरीक्षण कार्य पूर्ण

**गुना।** विधानसभा 30-चांचौड़ा में विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 अंतर्गत 65 फीसदी पुनरीक्षण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। विधानसभा 30 चांचौड़ा औसतन सभी जिले की अन्य विधानसभाओं में तीव्र गति से काम करते हुए प्रथम पायदान पर है। उल्लेखनीय है, चांचौड़ा अंतर्गत 11 बीएलओ द्वारा शत-प्रतिशत पुनरीक्षण का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। जिन्हें स्थानीय स्तर ईआरओ, एईआरओ द्वारा सम्मानित भी किया जा रहा है, जिसमें 06 महिला आंगनबाड़ी बीएलओ सम्मिलित है। विधानसभा 30 चांचौड़ा अंतर्गत सभी बीएलओ सुपरवाइजर, ईआरओ, एईआरओ सतत भ्रमण एवं मॉनिटरिंग कर कार्य में प्रगति ला रहे हैं।



### विहिप-बजरंगदल की नगर बैठक विघ्नहरण बालाजी मंदिर में संपन्न

**घर-घर संपर्क अभियान व सत्संग विस्तार पर जोर**

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

विश्व हिंदू परिषद और बजरंगदल की नगर बैठक रविवार को विघ्नहरण बालाजी मंदिर, दुबे कॉलोनी में सम्पन्न हुई। बैठक की शुरुआत दीप प्रज्वलन और भगवान राम के पूजन से की गई। बैठक का संचालन नगर संयोजक अर्जुन राठौर ने किया। प्रांत सत्संग प्रमुख सुरेश शर्मा ने संगठन के आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि प्रत्येक खंड स्तर पर सत्संग प्रारंभ करने की योजना को अब तेजी से लागू किया जाएगा। उन्होंने घर-घर संपर्क अभियान को सफल बनाने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता की सक्रिय भागीदारी को आवश्यक बताया और निर्देश दिए कि सभी कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र, बस्ती और मोहल्लों में तुरंत संपर्क कार्य शुरू करें।

### रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा हेलमेट के उपयोग के लिए चलाया जाएगा जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के मार्गदर्शन में रेडक्रॉस सोसाइटी गुना द्वारा दुर्घटना से जीवन बचाव के लिये हेलमेट के उपयोग को बढ़ाने हेतु जागरूकता अभियान चलाया जाएगा, ताकि लोग स्वेच्छा से ही हेलमेट का उपयोग करें।

प्रथम चरण में 25 नवंबर के दिन प्रातः 10 से 1 बजे तक एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन स्थानीय ब्लड बैंक जिला चिकित्सालय में किया जाएगा। इसके उपरांत हेलमेट के उपयोग के फायदे के संबंध में विचार गोष्टी की जाएगी एवं रक्तदाताओं को कलेक्टर द्वारा एक-एक हेलमेट तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा तथा उपस्थित व्यक्तियों को हेलमेट पहनने की शपथ भी दिलाई जाएगी। इस संबंध में सभी सामाजिक एवं स्वयंसेवी संगठनों से अनुरोध किया गया है उक्त अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में परिचर्चा में भाग ले तथा रक्तदान कर अभियान को सफल बनाएं।

### बांसखेड़ी अंडरपास की वर्षों पुरानी समस्या का समाधान शुरू रेल प्रशासन ने पानी बंद करने का कार्य कराया प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

बांसखेड़ी अंडरपास में लंबे समय से जमा रहने वाले पानी की समस्या अब समाप्त होने की दिशा में बढ़ गई है। बिना बारिश के भी अंडरपास में भरे रहने वाले पानी से राहगीरों, छात्रों, बुजुर्गों और दिव्यांगजन रोजाना परेशान होते थे। यह अंडरपास गुना शहर को सैकड़ों गांवों और कॉलोनियों से जोडऩे वाला महत्वपूर्ण मार्ग है, लेकिन पानी भराव के कारण लोग मजबूरी में ऊपर से गुजर रही कोटा-बीना और बीना-इंदौर डबल रेल लाइन पार करते थे, जहां लगातार रेल यातायात चलता है और हादसे का खतरा बना रहता था। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए यात्री सेवा संगठन के प्रतिनिधि सुनील आचार्य ने समस्या का निरीक्षण किया और रहवासियों से उनकी व्यथा जानी। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह समस्या वर्षों से बनी हुई है, लेकिन किसी भी स्तर पर स्थायी समाधान नहीं निकला।



## गुना पुलिस ने एक रात में पकड़े 31 फरार वारंटी, अपराधी



**गुना (हरिभूमि न्यूज)।** पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के निर्देशन में गुना पुलिस द्वारा जिलेभर में चलाया जा रहा कॉम्बिंग गश्त अभियान लगातार प्रभाव दिखा रहा है। अपराधियों पर नकेल कसने और लंबे समय से फरार चल रहे आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शनिवार रात जिले के सभी थाना क्षेत्रों में एक साथ सघन कॉम्बिंग अभियान चलाया गया। अभियान के लिए पहले सभी थाना प्रभारियों और अनुविभागीय अधिकारियों ने अपनी-अपनी टीमों को आवश्यक दिशा-निर्देश देकर निर्धारित क्षेत्रों में रवाना किया। कॉम्बिंग गश्त के दौरान पुलिस टीमों ने गुंडा तत्वों, हिस्ट्रीशीटरों, जिला बदर बदमाशों, स्थाई एवं गिरफ्तारी वारंटी, इनामी आरोपियों और विभिन्न अपराधों में फरार चल रहे व्यक्तियों की सघन तलाश की। अभियान का परिणाम पुलिस के लिए अत्यंत सफल रहा।

**दूसरे दिन लौटे विमान, जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत**

# चांद नृत्य नाटिका को देख नम हुई आंखें

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

सकल दिगंबर जैन समाज द्वारा निकाले जा रहे दो दिवसीय वार्षिक विमानोत्सव के दूसरे दिन विमान की वापसी उत्साह और उमंग के साथ हुई। इस मौके पर प्रातः 9 बजे बीजी रोड स्थित नसियांजी से श्रीजी को रजत रथ में विराजमान कर विमान नगर भ्रमण पर निकला गया। श्रीजी के विमानजी बीजी रोड, जयस्तंभ चौराहा, लक्ष्मीगंज, बैजू चौराहा, बोहरा मस्जिद चौराहा, नईसडक़, पंडाजी चौराहा से होते हुए पाश्र्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर पहुंचे। यहां पर निर्यापक संत मुनिश्री योग सागर महाराज के ससंघ सानिध्य में श्रीजी का अभिषेक एवं शांतिधारा हुई। इस मौके पर रथ में विराजमान श्रीजी की आरती नगरवासियों ने अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों के आगे की। वहीं विमान के सबसे आगे धर्म ध्वजा लेकर चल रहे युवा, पीछे बैंड और उसके पीछे एक दर्जन से अधिक झांकियां चल रही थी। जिसके बाद फिर बैंड और उसके पीछे रजत रथ में श्रीजी विराजमान होकर चल रहे थे। विमान के दूसरे दिन समाज बड़ा उत्साह देखने को मिला। इस दौरान जगह-जगह विमान जी का भव्य स्वागत हुआ। वहीं जैन श्रद्धालुओं ने अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों के आगे भगवान की आरती की। नईसडक़ पर विमानजी के आते ही उत्साह चरम पर पहुंच गया। इस मौके युवाओं द्वारा जमकर नृत्य किया गया। इसके पूर्व रात्रि में नसियांजी में शरद पूर्णिमा के दो चांद नृत्य नाटिका का मंचन किया। जिसे देखकर लोगों की आंखें नम हो गई। पाठशाला परिवार द्वारा आयोजित इस नाटिका में प्राचीन गुरुकुल परंपरा में गुरु के प्रति शिष्य का समर्पण, इस सदी के सबसे बड़े आचार्य राष्ट्रसंत विद्यासागर महाराज द्वारा राष्ट्र और समाज के लिए दिए गए विभिन्न प्रकल्प जैसे हथकरघा, पूर्णायु, बालिकाओं के लिए प्रतिभास्थली आदि का मंचन किया गया। अंत में आचार्यश्री की 17 फरवरी 24 को हुई उत्कृष्ट समाधि और उसके बाद पनपे शून्य को पूरा करने आचार्यश्री समय सागर महाराज का आचार्य पदारोहण का मंचन किया गया। विमानोत्सव के दूसरे दिन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विभिन्न क्षेत्रों से समाजबंधु शामिल हुए।



इस अवसर पर अशोकनगर, विदिशा, राघौगढ़, आरोन, कुंभराज, बीनागंज, रूठियाई, म्याना, चंदेरी, शिवपुरी से बड़ी संख्या में भक्तगण शामिल हुए।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** (1) चन्द्रकला पटेल पिता\पति-परस राम पटेल पता - गोपिया पारा पुरानी बस्ती, (2) कान्त तिवारी पिता\पति- स्व.राम कृष्ण तिवारी पता - 248 समता कॉलोनी रायपुर, (3) तम्मंत पटेल पिता\पति लक्ष्मीकान्त पटेल पता – रायपुर, (4) भारती चंद्राकर पिता\पति दीपक चंद्राकर पता - शिव विहार कॉलोनी संतोषी नगर रायपुर, (5) अनिल जनबंधु पिता\पति-स्व. कुंडलिक जनबंधु पता- बड़ा अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, (6) लक्ष्मीकान्त वैष्णव पिता\पति संतोष कुमार वैष्णव पता - रायपुरा रायपुर, (7) चन्द्रकला पिता\पति संतोष कुमार साहू पता - कुरूद रावाभाटा बिरगांव, (8) पुलकित कुमार साहू पिता\पति पवन कुमार साहू पता - शहीद नगर बिरगांव, (9) सूर्यकांत साठे पिता\पति -प्रकाश राव साठे पता - अश्वनी नगर रायपुर, (10) लोकेश कुमार वर्मा पिता\पति-हेमू राम वर्मा पता - तरपोंगी रायपुर, (11) पार्थिव धुवारे पिता\पति ओम प्रकाश धुवारे पता- इंद्रा नगर भिलाई, (12) निशा यादव पिता\पति केशव यादव पता- प्रेम नगर सिकोलाभाठा दुर्ग, (13) रौनक सिंह राजपूत पिता\पति युवराज सिंह राजपूत पता-दुर्गा चौक दीपक किराना स्टोर शंकर नगर दुर्ग, (14) हर्ष राजपूत पिता\पति कौशल सिंह राजपूत पता-बजरंग नगर दुर्ग, (15) वेदांश तम्बोली पिता\पति खुशाल तम्बोली पता - गणेश पान मंदिर इंदिरा मार्केट, (16) चेतन देवांगन पिता\पति ओम प्रकाश देवांगन पता-गायत्री मंदिर दुर्ग, (17) राकेश कुमार यादव पिता\पति राजू यादव पता- गणेश चौक ए.सी.सी. जामुल, (18) आशीष शर्मा पिता\पति राजेंद्र शर्मा पता-बापू नगर खुर्शिपार भिलाई, (19) पोषण देवांगन पिता\पति कमलबी देवांगन पता- खुर्शिपार भिलाई, (20) नीमा साहू पिता\पति केशव साहू पता - सेलूद भिलाई, (21) हेमलता साह पिता\पति दाऊ लाल साहू पता - बेलर, (22) आदित्य यदु पिता\पति आनंद मधु यदु पता- छाती धमतरी, (23) लोकेश कुमार उपाध्याय पिता\पति स्व. राधे प्रसाद उपाध्याय पता- आमा तालाब रोड गौरा चौरा के पास धमतरी, (24) पारख प्रकाश साहू पिता\पति फल्लेश साहू पता-बोडरा स धमतरी, (25) रोहित तिवारी पिता\पति राधेश्याम तिवारी पता -राजनादगांव, (26) साधना ठाकुर पिता\पति केसव सिंह पता-डोंगरगढ़, (27) हेजल साहु पिता\पति मेषकुमार साहु पता - टेड़ेसरा, (28) शोभा राम देवांगन पिता\पति सेवा राम देवांगन पता-बेमेतरा, (29) अनिषा भगत पिता\पति धनमोहन भगत पता-जेल लाइन कांकेर, (30) डीपेश कुमार सेन पिता\पति गौकरण कुमार सेन पता-नवागांव, (31) मिनाक्षी सुधाकर वाकचौके पिता\पति सुधाकर वाकचौके पता-शांति नगर जगदलपुर, (32) शकीला परवीन पिता\पति मोहम्मद परवीन पता-रायपुर(पिथोरा), (33) प्रीति साहू, पिता\पति राम साहू पता-कवर्धा, (34) अखिलेश कुमार यादव पिता\पति सोहनलाल यादव पता-सिविल लाइन षष्ठी मंदिर के पास, (35) भगवती प्रसाद पिता\पति रामचरण प्रसाद पता-कोंडागांव। **बिलासपुर संस्करण -** (36) अनंदिता सूर्यवंशी, पिता का नाम अशोक सूर्यवंशी पता-राजीव गांधी चौक जरहाभाठा बिलासपुर, (37) काब्या पटेल, पिता- मोहन पटेल पता- छोटी कोनी बिलासपुर, (38) अशोक कुमार देवांगन, पिता- केदारनाथ देवांगन, पता – कुम्हारपारा करबला रोड, बिलासपुर (39) अपूर्वा कौशिक पिता- दिलीप कौशिक पता-यदुनंदन नगर तिफरा, बिलासपुर (40) आयुष्मान मिश्रा, पिता - केशव कुमार मिश्रा पता– राजकिशोर नगर, – बिलासपुर (41) केदार नाथ श्रीवास, पिता–बहोरन लाल श्रीवास, – बिलासपुर पता - महिर्ष स्कूल रोड मंगला बिलासपुर, (42) मंजू बंजारे, पिता– संतोष कुमार बंजारे पता - मिनी माता नगर तेलीपारा बिलासपुर, (43) सुरेखा गुप्ता, पिता – स्व. रामकुमार गुप्ता पता– सरकंडा कपिल नगर बिलासपुर, (44) अशोक कुमार कौशिक पिता– स्व.श्री बी.आर.कौशिक, पता – ओम नगर जरहाभाठा बिलासपुर, (45) इरम परवीन, पिता– शेख शरीफ, पता बिलासपुर कुदुदण्ड, (46) किशोर कुमार त्रिवेदी पिता–स्व.ए.के.त्रिवेदी, पता – बिलासपुर, (47) श्रीमती रानी मिश्रा, पिता–स्व.सुधीर चंद्र मंडल, पता – फ्रेंड्स रेसीडेंसी सरकंडा, बिलासपुर, (48) प्राची गंधर्व, पिता– कृष्णा गंधर्व, पता- न्यूज़ सरकंडा जबरापारा, बिलासपुर (49) नवीन पटेल, पिता–भैयाराम पटेल, पता – अभिषेक बिहार फेस-2 मंगला, बिलासपुर (50) नारद कुमार विश्वकर्मा, पिता– श्री राम सिंह, पता – नूतन चौक बिलासपुर, (51) दुष्यंत देवांगन, पिता–हरनारायण देवांगन, पता – मातृ छाया होस्टल बिलासपुर, (52) राजकुमार खरे पिता– स्व.मुन्नालाल खरे पता – साईं बिहार कॉलोनी मोपका, बिलासपुर (53) कल्याणी साहू पिता–जगदेव साहू पता – सकरी, बिलासपुर (54) सोम्य साहू, पिता– दीपक कुमार पता – सकरी, बिलासपुर (55) धनीराम टंडन पिता–स्व.बजारू टंडन पता – तालापारा बिलासपुर, (56) चित्रलेखा यादव, श्री श्यामलाल यादव, पता – शांति नगर सकरी, बिलासपुर (57) शाजी थामस पिता– स्व.सी.पी.थॉमस पता – बिलासपुर, (58) गुंजन साहू, पिता–दिलेश कुमार साहू, पता हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी परसदा, जिला–बिलासपुर। **भोपाल संस्करण -** (59) समिक्षा जैन पिता\पति सुभाष जैन पता-बैरसिया, (60) आयशा बी पिता\पति मुईन पता- बैरसिया, (61) चरण सिंह पिता\पति रामनारायण पता- मकान नं 13 ग्राम चंदेरी बैरसिया रोड, (62) नेहा विश्वकर्मा पिता\पति - विश्वकर्मा नगरकरोदभोपाल, (63) ज्योति बंजारा पिता\पति विजय सिंह पता-बंजारा बड़ी उकावद गुना, (64) अमिता पिता\पति उदित गौर पता-वार्ड न 17 तवा कॉलोनी हरदा, (65) साधना गौर पिता\पति रविशंकर गौर पता- तवा कॉलोनी हरदा, (66) विराज घाटे पिता\पति कपिल घाटे जोशी कॉलोनी हरदा, **जबलपुर संस्करण -** (67) आस्था अग्रवाल पिता\पति विजय अग्रवाल पता-कांचघर चौक संजय गांधी बोर्ड घमापुर, (68) हर्ष नाईक पिता\पति नरेश नाईक पता-शिवनगर रेलवे क्रॉसिंग के पास गढ़ा जबलपुर, (69) राजेंद्र सोनकर पिता\पति नारायण प्रसाद सोनकर पता-मोहनी होम्स बिलहरी, (70) मान्यता अहिरवार पिता\पति राजेंद्र अहिरवार पता-ग्वारीघाट रोड, (71) यश नाईक पिता\पति नरेश नाईक पता-शिवनगर रेलवे क्रॉसिंग के पास गढ़ा जबलपुर, (72) अंजना नायक पिता\पति वीरेंद्र नायक पता- पंडित नेहरू वार्ड क्रमांक 8 बाजार मोहल्ला पाटन, (73) वंश यादव पिता\पति राजेश यादव पता-गुरु मोहल्ला पाटन जबलपुर, (74) मयंक मेहरा पिता\पति मिथिलेश कुमार पता-मेहरा पाटन।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

**समाचार संक्षेप**

## महिला आत्मनिर्भर फाउंडेशन भोपाल के द्वारा एक अनोखी पहल

**आरोन।** महिला आत्मनिर्भर फाउंडेशन भोपाल द्वारा एक अनोखी पहल की गई है, जहां महिलाओं को गवर्नमेंट पार्लर का कोर्स सिखाया जा रहा है। यह दो महीने का कोर्स है, जिसमें गवर्नमेंट डिप्लोमा भी दिया जाएगा। इससे



महिलाओं को जॉब और लोन की सुविधा मिलेगी। महिला सशक्तिकरण की दिशा में मध्य प्रदेश सरकार भी कई कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत 1.27 करोड़ महिलाओं को हर महीने 1250 रुपये की आर्थिक सहायता दी जा रही है। इसके अलावा, महिलाओं को प्लंबिंग और सेनेटरी के काम की ट्रेनिंग भी दी जा रही है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें।

## एसआईआर के संबंध में समीक्षा बैठकें एवं क्षेत्रीय जनसंपर्क सतत जारी

**आरोन।** भाजपा नेता हीरेंद्र सिंह अपने क्षेत्रीय प्रवास के दौरान हरतूम सिंह यादव के पुत्र सोनू यादव का गुना मंडी में विवाद के चलते हत्या हो जाने पर उनके ग्राम बूढा डोंगर पहुंचकर शोक संवेदनाएं व्यक्त की एवं हर संभव मदद का आश्वासन यादव परिवार को दिया। भाजपा मंडल आरोन में एसआईआर के संबंध में बैठक करते हुए कार्यकर्ताओं से रूबरू हुए एवं मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य संबंधी चर्चा की तथा कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्दन किया। इसके उपरांत भाजपा मंडल उपाध्यक्ष राजू यादव का आकास्मिक निधन हो जाने के चलते भाजपा मंडल कार्यालय पर 2 मिनट का मोन धारण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। रिजोदा रोड स्थित,यादव परिवार के निवास पर परिजनों के बीच शोक संवेदनाएं व्यक्त की । इसके उपरांत भाजपा वरिष्ठ नेता जगवीर सिंह परमार के पूज्य पिताजी स्वर्गीय कुंवर जीत सिंह को रतन पब्लिक स्कूल पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की ।



इसी क्रम में नरेश मीणा के ताऊजी स्वर्गीय रामदयाल मीणा के यहां गंगाभोज में सम्मिलित हुए तथा यादव महासभा तहसील के अध्यक्ष वीर सिंह यादव के पिता स्वर्गीय आधार सिंह यादव के निवास ग्राम रामगिर कल पहुंचकर शोक संवेदनाएं व्यक्त की। आरोन में सेजी परिवार के वीरेंद्र सिंह रघुवीर सिंह, नरेंद्र सिंह, अरविंद सिंह की माताजी स्वर्गीय बूंदाबाई को सेजी मोहल्ला पहुंच कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके, श्रीगंगा भोज में सम्मिलित हुए । साथ ही भाजपा मंडल पनवाडीहाट में पहुंच कर एसआईआर के संबंध में कार्यकर्ताओं से चर्चा की और उनका उत्साहवर्धन किया। जनसंपर्क के दौरान ग्राम वरोद, रोरिया,बालापुर सराई,क्यापुर मुंडा खेजरा के कार्यकर्ताओं द्वारा अपने नेता बंटी बना का भव्य स्वागत किया। बैठक के उपरांत ग्राम खिरिया दांगी में रामप्रसाद के पुत्र स्वर्गीय, जगदीश दांगी, का सड़क दुर्घटना में निधन हो गया था। हीरेन्द्र सिंह ने दांगी परिवार के बीच पहुंचकर शोक संवेदनाएं व्यक्ति करते हुए हर संभव मदद का आश्वासन दिया। ग्राम गोविंदपुर में भाजपा वरिष्ठ नेता दिनेश पाराशर की धर्मपत्नी सरिता पाराशर का स्वर्गवास गया था। पाराशर परिवार में पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की तथा वापस आरोन नया बाईपास रोड स्थित वार्ड क्रमांक 6 भाजपा कार्यकर्ता कुन्नू केवट की पत्नी, स्वर्गीय लक्ष्मी बाई, एवं सुरेश, छोटूकेवटकी माताजी को,श्रद्धांजलि अर्पित की औरकेवट परिवार में पहुंच कर श्री गंगा भोज में सम्मिलित हुए।

### न्यायालय अशोकनगर से आरोपी के विरुद्ध जारी था स्थाई वारंट

# 32 साल पुराने हत्या के मामले का आरोपी गिरफ्तार, शाढोरा पुलिस को किया सुपुर्द

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



गुना पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के निर्देशन में गुना पुलिस द्वारा जिले के सभी थानों के विभिन्न प्रकरणों में फरार आरोपियों, इनामी बदमाशों, वारंटियों आदि की गिरफ्तारी हेतु अभियान चलाकर ताबड़तोड़ कार्यवाहियां की जा रही हैं, इसके साथ ही जिले में निवासरत ऐसे आरोपी जो दीगर राज्य व जिलों के प्रकरणों में फरार चल रहे हैं, उन्हें भी गुना पुलिस द्वारा निरंतर तलाशा जा रहा है। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुना मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी गुना विवेक अष्ठाना के पर्यवेक्षण में जिले के म्याना थाना प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र सिंह सिकरवार और उनकी टीम द्वारा उल्लेखनीय कार्यवाही करते हुए दीगर जिला अशोकनगर के हत्या के 32 वर्ष पुराने एक मामले में फरार 5000/- रूपये का इनामी आरोपी पकड़कर अशोकनगर पुलिस को गिरफ्तार कराने में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की गई है ।

गौरतलब है कि वर्ष 1993 में अशोकनगर जिले के शाढ़ोरा थानांतर्गत हत्या के एक मामले में आरोपी माधौ सिंह पुत्र दौलत सिंह शिकारी निवासी ग्राम दरेसी थाना शाढ़ौरा जिला अशोकनगर के न्यायालयीन कार्यवाही से लगातार फरार रहने पर माननीय न्यायालय अशोकनगर से आरोपी माधौ सिंह शिकारी की गिरफ्तारी हेतु वर्ष 2002 में स्थाई गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ था । इसके साथ ही वारंटी माधौ सिंह शिकारी की गिरफ्तारी सुनिश्चत किए जाने हेतु अशोकनगर पुलिस अधीक्षक की ओर से आरोपी की गिरफ्तारी पर 5000/-रूपये इनाम भी उद्घोषित किया गया था । गुना पुलिस द्वारा फरार आरोपियों, वारंटियों आदि की धरपकड़ हेतु की जा रहीं कार्यवाहियों के क्रम में गत दिनांक 21 नवम्बर 2025 को अशोकनगर जिले के शाढ़ौरा थाने के 32 वर्ष पुराने हत्या के एक प्रकरण में फरार आरोपी माधौ सिंह शिकारी के जिले के म्याना थाना क्षेत्र के माधौपुर गांव में रहने की सूचना म्याना थाना पुलिस को मिलने पर म्याना थाना प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र सिंह सिकरवार द्वारा आरोपी की धरपकड़ हेतु तत्काल थाने से पुलिस की एक टीम गठित कर रवाना की गई, साथ ही इसकी सूचना शाढ़ौरा पुलिस को दी गई । इसके बाद पुलिस द्वारा त्वरित और प्रभावी कार्यवाही कर ग्राम माधौपुरा से हत्या के प्रकरण में लंबे समय से फरार 5000/-रूपये के इनामी आरोपी माधौ सिंह पुत्र दौलत सिंह शिकारी उम्र 60 साल निवासी ग्राम दरेसी थाना शाढौरा जिला अशोकनगर हाल ग्राम माधौपुर थाना म्याना जिला गुना को प्रकड़ लिया गया एवं शाढ़ौरा थाने से पुलिस टीम के पहुंचने पर प्रकरण में आरोपी को विधिवत गिरफ्तार करा दिया गया है ।

इस प्रकार गुना पुलिस द्वारा जिले के विभिन्न मामलों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ ही दीगर जिला अशोकनगर के गंभीर प्रकरण में दशकों से फरार आरोपी को गिरफ्तार कराने में उल्लेखनीय कार्यवाही की गई है ।

म्याना थाना पुलिस की इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र सिह सिकरवार, सउनि वासुदेव रावत, सउनि धारा सिंह एवं आरक्षक देवेन्द्र जाटव की विशेष भूमिका रही है ।

# केंद्रीय कार्यकारणी ने विकास जैन को बनाया जागरण शिक्षा प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

एकल अभियान केंद्रीय कार्यकारणी के अध्यक्ष सुमन चंद्र धीर की अध्यक्षता में 21 नवंबर को आयोजित केंद्रीय कार्यकारणी कोर (cct) आभासी बैठक में प्रभागों से प्राप्त समिति व सेवावृत्ति कार्यकर्ताओं के दायित्व परिवर्तन हेतु प्रस्तावों पर विचार विमर्श हुआ और सर्वसम्मति से विभिन्न निर्णय लिए गए जिसमें एकल अभियान मध्यभारत चम्बल भाग अंचल गुना से विकास जैन नखराली को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देते हुए उन्हें प्रभाग P 7 जागरण शिक्षा प्रभारी का नवीन दायित्व प्रदान किया गया जिसकी घोषणा शनिवार को केंद्रीय कार्यकारणी महामंत्री डॉ ललन शर्मा द्वारा पत्र जारी कर की गई।

इस घोषणा के बाद केंद्रीय कार्यकारणी श्री जैन से अपेक्षा करती हे कि आप गुना अंचल के साथ साथ मध्यप्रदेश, महाकौशल एवं राजस्थान राज्य में अपनी सेवाएं देते हुए एकल अभियान को गति देने में सहयोग प्रदान करेंगे। साथ ही श्री जैन को केंद्रीय दायित्व मिलने पर एकल कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त हे ओर उन्होंने श्री जैन को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की साथ ही श्री जैन ने इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर केंद्रीय नेतृत्व का आभार धन्यवाद ज्ञापित किया। बता दे कि विकास जैन ने एकल अभियान में अपनी सक्रिय भूमिका निभाते हुए उन्होंने अपने कुशल नेतृत्व का परिचय दिया और कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चले। इस दौरान उन्होंने अपनी कार्यक्षमता से केंद्रीय नेतृत्व को प्रभावित किया. शनिवार को शीर्ष नेतृत्व ने प्रभाग P 7 जागरण शिक्षा प्रभारी नियुक्त किया।

## जिला अस्पताल में क्यू मैनेजमेंट टोकन मशीन शुरू मरीजों को मिलेगा बड़ा लाभ

**गुना।** जिला चिकित्सालय में क्यू मैनेजमेंट टोकन मशीन को चालू कर दिया गया है। अस्पताल प्रबंधन द्वारा मशीन के पुनः संचालन की प्रक्रिया पूरी करते ही ओपीडी में आने वाले मरीजों और उनके परिजनों ने राहत मिलेगी। सहायक प्रबंधक डॉ. सूरज सिंह ने बताया कि मशीन की तकनीकी खराबी को ठीक करने के लिए समय-समय पर सिविल सर्जन डॉ० वीएस रघुवंशी के मार्गदर्शन में प्रयास किए गए। कुछ हिस्से पूरी तरह बदलने पड़े, जिसके बाद आज इसे सफलतापूर्वक पुनः संचालित किया जा सका। मशीन के चालू होते ही ओपीडी में टोकन प्रक्रिया फिर से शुरू हो गई।

# ज्योति कलश यात्रा मावन पहुंची





हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

गुना अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में आज रविवार को बजरंगढ़ ज्योति कलश यात्रा रथ पहुंचा जो सभी परिजनों में कलश देवता की पूजा अर्पण की ओर गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ जिला समन्वयक सुनील सेन ने बताया है कि अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा संपूर्ण देश में कलश यात्रा रथ निकली जा रही है रथ यात्रा का उद्देश्य महत्वपूर्ण है कि गायत्री परिवार के ज्योति कलश एवं माता जी भगवती के 100 वर्ष पूर्ण हो रहे है इसी संदर्भ में शांतिकुंज हरिद्वार में जनवरी 21 से 23 तक 2026 में बड़ा कार्यकम संपन्न होने जा रहे है पूरे देश विदेश में गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा 500 कलश रथ यात्रा पर निकले जिसमें गुना जिले के लिए एक ज्योति कलश यात्रा 05 दिन के लिए मिले है जिसमे गुना जिले की 10 पंचायतों का चयन किया गया जिसमें रथ यात्रा पहुंच रही है जिसमें कार्यक्रम ओर गायत्री महायज्ञ ब दीप यज्ञ का आयोजित किए जा रहे है ।

# सट्टे की सूचना पर केंट थाना पुलिस की तत्पर कार्यवाही, सट्टा पर्ची काटते सटोरिया दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



गुना पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के निर्देशन में गुना पुलिस द्वारा जिले में विभिन्नय अवैध अथवा अनैतिक गतिविधियों जैसे जुआ, सट्टा, अवैध शराब, अवैध मादक पदार्थ आदि में संलिप्त लोगों आदि पर सतत निगाहें रखते हुए उनके विरुद्ध ताबड़तोड़ कार्यवाहियां की जा रहीं हैं । इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुना मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं सीएसपी गुना श्रीमति प्रियंका मिश्रा के पर्यवेक्षण में कैंट थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव और उनकी टीम द्वारा सट्टे की सूचना पर तत्पर और प्रभावी कार्यवाही कर सट्टा पर्ची काटते हुए सटोरिया पकड़कर जिसके कब्जे से सट्टे के 6,050/-रूपये नगदी सहित अन्य सट्टा सामग्री जप्त की गई है । गत दिनांक 21 नवम्बर 2025 की रात में नानाखेड़ी क्षेत्र स्थित रिलायंस पैट्रोल पंप के पास एक व्यक्ति के द्वारा लोगों को 01 रुपये के बदले 90 रुपये देने का प्रलोभन देकर सट्टा पर्ची काटे जाने की मुखबिर सूचना पर सटोरिये की धरपकड़ और कार्यवाही हेतु कैंट थाने से तत्काल पुलिस की एक टीम रवाना हुई और रिलायंस पैट्रोल पंप के पास मुखबिर की बताई जगह पर दबिश देकर सट्टा पर्ची काट रहे सटोरिया कमल किशोर उर्फ देव कुशवाह पुत्र गुलाब सिंह कुशवाह उम्र 35 साल निवासी लूसन का बगीचा केंट गुना को धरदबोच लिया गया । पुलिस ने सटोरिया देव कुशवाह से सट्टे के 6,050/-रूपये नगदी सहित अन्य सट्टा सामग्री जप्त की जाकर जिसके विरुद्ध कैंट थाने में अप.क्र. 1041/25 धारा 4(क) सट्टा अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीवद्ध कर वैद्यानिक कार्यवाही की गई । सट्टे के विरूद्ध कैंट थाना पुलिस की इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक दीपेन्द्र परिहार, आरक्षक अर्जुन यादव, आरक्षक मयंक गोस्वामी एवं आरक्षक विनोद धाकड़ की उल्लोखनीय भूमिका रही है ।

# ओबीसी, एससी और एसटी वर्गहितों को लेकर जन जागृति अभियान संचालित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



रविवार को ईशागढ़ तहसील के कोहरवास ग्राम में ओबीसी, एससी और एसटी वर्गों के हितों को लेकर एक महत्वपूर्ण जन जागृति अभियान संचालित किया गया। अभियान का उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों को उनके संवैधानिक अधिकारों, सामाजिक हिस्सेदारी और शिक्षा व रोजगार में समान अवसर के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों से संवाद स्थापित किया गया और उन्हें बताया गया कि देश के विकास में ओबीसी, एससी और एसटी वर्गों की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। संविधान ने इन वर्गों को आरक्षण, प्रतिनिधित्व और सामाजिक सुरक्षा देकर उनके समुचित विकास का मार्ग प्रशस्त किया है।

लाभ तभी पूरी तरह मिल सकता है जब समाज शिक्षा, एकता, राजनीतिक चेतना और संगठन को अपनाए। अधिकार मांगने से नहीं, संगठित होकर जागरूक रहने से सुरक्षित होते हैं। इसी सोच के साथ लोगों को संघठित होने, एक-दूसरे का सहयोग करने, और खासकर युवाओं को शिक्षा व प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर ध्यान देने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों ने भी इस पहल का स्वागत किया और आगे आने वाले समय में समानता, सम्मान और सामाजिक न्याय की दिशा में मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। यह जागृति अभियान न सिर्फ वर्तमान पीढ़ी के लिए, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के भविष्य की रक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है।

## सपा ने मनाई मुलायम सिंह की जयंती

हरिभूमि न्यूजःश्योपुर

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं समाजवादी पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष स्व मुलायम सिंह यादव की जयंती समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने शनिवार को आस्था पूर्वक मनाते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

श्री हजारेश्वर पार्क में एकत्रित हुए समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव की जयंती मनाते हुए उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुलायम सिंह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए पार्टी के जिला अध्यक्ष सरदार मुख्तियार सिंह ने कहां कि उन्होंने हमेशा गरीबों, शोषितों, वंचितों, किसानों, मजदूरों की लड़ाई लड़ी। भले ही वह आज हमारे बीच नहीं रहे लेकिन उनके विचार आज भी जीवित हैं। देश को इस समय समाजवाद की जरूरत है जो समाजवादी पार्टी ही दे सकती है। इस दौरान पार्टी महासचिव राम सिंह जाट ने मुलायम सिंह यादव को किसानों का सच्चे हितैषी बताते हुए उन्हें धरती पुत्र करार दिया। इस अवसर पर मकसूद खान, परशुराम कोहली, चिरगूउद्दीन चिराग, बब्बू खान, परमिंदर सिंह, देवी शंकर गुर्जर, जगदीश मारू, कैलाश बंजारा, दीपक गुर्जर, यूसुफ पठान, जीवन लाल बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

# शाढ़ौरा में राम कथा की तैयारियां तेज कलश यात्रा रूट और व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी तय



**अशोकनगर।** शाढ़ौरा नगर में आगामी 28 दिसंबर से 05 जनवरी तक आयोजित होने वाली संत श्री अष्टावक्र जी महाराज की श्री राम कथा के भव्य आयोजन को लेकर तैयारियां जोर पकड़ चुकी हैं। इसी सिलसिले में मंगल मैरिज गार्डन में श्री रामायण सत्संग प्रचार समिति द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों ने कथा को सफल बनाने के लिए विभिन्न व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा की।

### कलश यात्रा का रूट फाइनल

बैठक में कथा के शुभारंभ के उपलक्ष्य में निकाली जाने वाली कलश यात्रा के रूट पर विशेष रूप से मंथन किया गया। सर्वसम्मति से कलश यात्रा के मार्ग को अंतिम रूप दिया गया, ताकि अधिक से अधिक धर्मप्रेमी बंधु इसमें शामिल हो सकें और यात्रा शांतिपूर्ण संपन्न हो सके।

### जिम्मेदारियां सौंपी गईं

कथा पंडाल की व्यवस्था, अतिथियों का आगमन, प्रसाद वितरण, जल-पान की व्यवस्था, और सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण कार्यों के लिए सदस्यों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। यह निर्णय लिया गया कि सभी सदस्य अपनी तय जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करेंगे ताकि कथा श्रवण करने आने वाले सभी भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। समिति के अध्यक्ष राजेश रघुवंशी ने बताया कि यह आयोजन शाढ़ौरा के लिए गौरव का विषय है। सभी धर्मप्रेमी बंधुओं से अपील है कि वे इस आयोजन में बढ़-चढ़कर सहयोग करें और कथा का श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित करें।

# श्योपुर और बड़ौदा में समारोहपूर्वक मनाई गई वीरांगना झलकारी बाई की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭श्योपुर




अंग्रेजी हुकूमत की गुलामी स्वीकार नहीं करने वाली झांसी की रानी लक्ष्मीबाई ने अपना नाम जिस तरह भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अमर किया है इस तरह झलकारी बाई ने भी अपने प्राणों को रानी लक्ष्मीबाई पर न्योछावर कर देश के लिए न सिर्फ बलिदान दिया है बल्कि उन्होंने हमेशा हमेशा के लिए कोली महावर समाज का मान सम्मान बढ़ाने का काम किया है। ऐसी वीरांगना को कोली महावर समाज हमेशा नमन करता रहेगा यह बात शनिवार को सलापुरा स्थित छात्रावास में झलकारी बाई की जयंती के अवसर पर आयोजित हुए कार्यक्रम में छात्रावास समिति अध्यक्ष रामकिशन माहौर ने उनके जीवन वृत पर प्रकाश डालते हुए कहीं। इस दौरान बड़ौदा में भी झलकारी बाई की जयंती मनाई गई। जिला मुख्यालय में सलापुरा स्थित कोली माहौर समाज छात्रावास में झलकारी बाई की जयंती पर सजातीय बंधुओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। कोली माहौर छात्रावास समिति द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे सजातीय बंधुओं ने झलकारी बाई के जीवनवृत्त पर प्रकाश डालते हुए समाज सुधार के लिए भी प्रेरित किया। इस दौरान छात्रावास समिति के अध्यक्ष रामकिशन माहौर, कोषाध्यक्ष रमेशचंद माहौर, महामंत्री रामरतन माहौर, परमानंद माहौर, बाबूलाल माहौर, द्वारिका प्रसाद माहौर आदि मौजूद रहे। उधर बड़ौदा में कोली-माहौर समाज ने छात्रावास मैदान (कुंड बागर) पर झलकारी बाई की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर सजातीय बंधुओं ने वीरांगना को श्रद्धांजलि दी। उनके जीवन वृत पर प्रकाश डाला। इस दौरान छात्रावास समिति के अध्यक्ष रणवीर माहौर, गोविंद माहौर, मनीष माहौर आदि मौजूद रहे।

## कॉलेज में मानव श्रंखला बनाकर दिया एसआईआर जागरुकता का संदेश

**श्योपुर।** कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सौम्या आनंद के निर्देशन मे शासकीय प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस श्योपुर मे स्वीप गतिविधि के अन्तर्गत मानव श्रंखला बनाकर विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान मे जागरुकता का संदेश दिया गया।

### सोशल मीडिया एवं सार्वजनिक गतिविधियों पर नियंत्रण की पहल

# जिले में धारा 163 के तहत आदेश किए गए जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

आगामी समय में जिले के विभिन्न सामाजिक, राजनैतिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों के दौरान सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स (ट्वीटर), यूट्यूब, व्हाट्सएप आदि पर आपत्तिजनक, भ्रामक, भड़काऊ एवं साम्प्रदायिक सौहार्द को प्रभावित करने वाली सामग्री प्रसारित किये जाने की प्रबल संभावना को दृष्टिगत रखते हुये कलेकटर एवं जिला दण्डाधिकारी जिला अशोकनगर द्वारा लोक-शांति एवं कानून-व्यवस्था भंग होने की आशंका को देखते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जन-हित, लोक-शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु निम्न महत्वपूर्ण बिंदुओं के साथ आदेश जारी किया है।

### आदेश के मुख्य बिंदु



साम्प्रदायिक तनाव कारक कार्यक्रमों पर प्रतिबंधः-जिले की सीमा के अंदर किसी भी समुदाय के व्यक्ति या समूह द्वारा ऐसा कार्यक्रम आयोजित नहीं किया जाएगा जिससे किसी अन्य समुदाय की भावनाएँ आहत हों अथवा शांति भंग होने की आशंका उत्पन्न हो। किसी भी व्यक्ति द्वारा सोशल मीडिया या मंचों पर उत्तेजनात्मक, भड़काऊ भाषण देना, धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाने वाली पोस्ट करना या गलतध्भ्रामक सूचना एवं अफवाहें फैलाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। ऐसा कोई मुद्रण, प्रसारण या प्रकाशन नहीं किया जाएगा जिससे समुदायों के बीच वैमनस्य, साम्प्रदायिक तनाव या सामाजिक असंतोष उत्पन्न हो। मौखिक, लिखित, इलेक्ट्रॉनिक अथवा सोशल मीडिया के माध्यम से कोई भी व्यक्ति ऐसी सामग्री प्रसारित नहीं करेगा जिससे शांति भंग होने की संभावना हो या किसी समुदाय की धार्मिक भावना को ठेस पहुँचती हो। ग्रुप एडमिन यह सुनिश्चित करेगा कि समूह में कोई व्यक्ति भड़काऊ, उकसावे से भरी या अफवाह फैलाने वाली पोस्ट शेयर न करे। ऐसे प्रयास पाए जाने पर एडमिन उसे तत्काल हटाए तथा संबंधित व्यक्ति को समूह से बाहर करे। साथ ही, स्थानीय पुलिस को इसकी सूचना देना अनिवार्य होगा। सोशल मीडिया पर ऐसे कंटेंट पोस्ट डालना प्रतिबंधित रहेगा जिससे किसी राजनीतिक दल के प्रभावशाली व्यक्ति की व्यक्तिगत या सामूहिक छवि को हानि पहुँचती हो। किसी भी आंदोलन, सभा या गोष्ठी के दौरान बिना अनुमति काले कपड़े पहनकर विरोध करना, काले झंडे दिखाना, पुतला-दहन करना या भड़काऊ नारे लगाना प्रतिबंधित रहेगा। कोई व्यक्ति या समूह दृश्य या श्रव्य माध्यम से किसी समुदाय के मौलिक अधिकारों में बाधा उत्पन्न करने वाली गतिविधि नहीं करेगा। ऐसा करने वाले इस आदेश के अधीन कार्रवाई के पात्र होंगे।

यदि कोई व्यक्ति, संस्था, समूह या संगठन इस आदेश का उल्लंघन करता है, तो उसके विरुद्ध भारतीय नागरिक संहिता, 2023 के अंतर्गत दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा बताया गया कि जिले में शांति, सौहार्द और कानून-व्यवस्था बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। सोशल मीडिया एक सशक्त माध्यम है, लेकिन इसका दुरुपयोग समाज में भ्रम, तनाव और अनावश्यक विवाद उत्पन्न करता है। आगामी आयोजनों एवं संवेदनशील परिस्थितियों को देखते हुए सोशल मीडिया पर जिम्मेदारी, संयम और सत्यपरकता के साथ ही सामग्री साझा करें। किसी भी भ्रामक, भड़काऊ, अफवाहजनक अथवा धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाली पोस्ट न करें और न ही ऐसे संदेशों को आगे बढ़ाएँ। सोशल मीडिया ग्रुप एडमिन अपने समूहों की गतिविधियों पर सतर्क निगरानी रखें और संदिग्ध या आपत्तिजनक सामग्री की तुरंत सूचना पुलिस को दें। पुलिस सदैव नागरिकों की सुरक्षा, सौहार्द और शांति बनाने हेतु प्रतिबद्ध है।

## खबर संक्षेप

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत बोहरे कॉलोनी निवासी आमिर कुरेशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सोरभ गोस्वामी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम श्यामाटोरी निवासी इन्द्रभान सिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सुरेश, सुरेन्द्र और हक्के यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के नईसरायं थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कालाबाग निवासी सुनीताबाई कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मेहरवान, गुडडी बाई और सुनीता बाई जाटव ने डंडा और खुरपी से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कईं मामले दर्ज किए गए हैं। जिनमें जिले के मुंगावली थाने की पुलिस ने ग्राम भांतपुरा निवासी जगदीश सांसी के पास से 9 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले के शाढ़ौरा थाने की पुलिस ने संतोष कौरी निवासी म्यापुर के पास से 20 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। शाढौरा थाने के अंतर्गत ग्राम खाईखेड़ा निवासी सतेन्द्र यादव के पास से पुलिस ने 8 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### बाईक चलाते समय नींद आने से मजदूर की मौत

**अशोकनगर।** स्थानीय कृषि उपज गल्ला मण्डी से काम कर अपने घर वापिस लौट रहा एक मजदूर किशोरी पुत्र गोकुल सिंह कुशवाह उम्र 38 साल की बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नेहकाई के समीप सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। बताया गया है कि वह गल्ला मण्डी में हम्माल का काम करता है और अपने साथी के साथ घर वापिस लौट रहा था अचानक उसे नींच की झपकी आ गई जिससे वाहन सड़क पर फिसल गया। उसका सिर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। घायल को बहादुरपुर अस्पताल में ले जाया गया जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### भार्गव ने सफाई कर्मियों को माला पहनकर किया सम्मानित

**अशोकनगर।** सफाई व्यवस्था में लगे सफाई कर्मियों का शनिवार की सुबह 9 बजे समाज सेवी विवेक भार्गव द्वारा सम्मान किया गया। नई सराय कस्बे की सफाई व्यवस्था की जिम्मेदारी दर्जन भर से भी ज्यादा सफाई कर्मियों पर है। सुबह ही सफाई कर्मी हाथों में झाड़ू थामे ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर कस्बे की सड़कों और नालियों की सफाई करने निकल पड़ते हैं। समाजसेवी विवेक भार्गव ने बताया सभी सफाई कर्मियों को माला पहनाकर शाल और मिठाई का डिब्बा भेंट किया। समाजसेवी विवेक शर्मा समय समय पर आदिवासी और गरीब बस्तियों में भी पहुंचकर छोटे छोटे बच्चों को कपड़े, खिलौने और परिवारों को राशन सामग्री वितरित करते रहते हैं। यही नहीं वह सभी त्यौहार गरीब परिवारों के बीच ही मनाते हैं। समाजसेवी विवेक शर्मा बताते हैं कि, नर सेवा ही नारायण सेवा है।


### गरीबों को ठंड के मौसम में कम्बल का वितरण किया गया

**अशोकनगर।** जीएसटी (गिविंग एंड शेयरिंग ट्रस्ट) ग्रुप द्वारा इस वर्ष भी ठंड के मौसम में ज़रूरतमंद परिवारों के लिए सेवा कार्य किया गया। प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी ग्रुप ने ईसागढ़ के आसपास स्थित गांवों में जाकर लगभग 200 कम्बलों का वितरण किया। ग्रुप द्वारा वर्ष 2017 से लगातार हर वर्ष ठंड के मौसम में ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर ऐसे परिवारों को कम्बल दिए जाते हैं जिन्हें ठंड से बचाव की अधिक आवश्यकता होती है। इस सेवा के अंतर्गत प्रत्येक परिवार को एक कम्बल प्रदान किया गया। इस वर्ष विशेष रूप से ग्रुप द्वारा कम्बलों के साथ-साथ बच्चों के लिए खिलौने, इनर ठंड से बचाव के लिए एवं कानों को ढकने वाले ऊनी टोपी भी दी गईं। गांवों के लोगों ने बताया कि उन्हें हर साल इस समूह का इंतज़ार रहता है।

### 12 ब्रह्मचारी भैया और दो क्षुल्लकों को ऐलक दीक्षा, सुधासागर महाराज ने की प्रदान

# 14 जैनेश्वरी दीक्षाओं का थूबोनजी की धार्मिक धरा पर ऐतिहासिक आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



दिगम्बर जैन दर्शन के अतिशय क्षेत्र थूवोनजी में रविवार का दिन जैनेश्वरी दीक्षा के नाम रहा। यहां के एक हजार साल के इतिहास में पहली बार जैनेश्वरी दीक्षा का आयोजन हुआ। पुंगव मुनि श्री सुधासागर जी महाराज ने निर्यापक बनने के बाद 14 दीक्षाएं प्रदान कीं हैं। जिनमें 12 ब्रम्हचारी भैया शामिल हैं तथा पहले से ही संघ में जो दो क्षुल्लक थे उन्हें भी ऐलक श्री की दीक्षा प्रदान की गई है।

50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं की उपस्थिति में यह भव्य आयोजन देखने को मिला। इस मौके पर पुंगव निर्यापक मुनि श्री सुधासागर जी महाराज ने कहा कि श्रमण संस्कृति को ऊंचाईयां देने वाले आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज थे उसी क्रम में आचार्य श्री बहुत सोचते थे। मेरा जैसा छोटा साधु उनके साथ था, उनका प्रेम मेरे साथ बहुत था। गुरू ने मेरे अन्दर योग्यता देखी थी उनका कहना था कि योग्यता को छिपाना अपराध है। मैं तुम्हे आदेश देता हूं ब्रम्हचारी भैया तैयार करो और उन्हें आगें बढ़ाओं यह एक प्रकार से धर्म के प्रति ऋण है। 20 मिनट तक आचार्य श्री समझाते रहे 3 ब्रम्हचारी भैया को मैने आचार्य श्री के पास भेजा जो क्षुल्लक बनकर मेरे साथ हैं। आचार्य श्री ने 10 निर्यापक मुनि इसलिए बनाए थे कि वह 100-100 शिष्य तैयार करते रहेगें। उनके द्वारा लगाया गया पौधा हजार साल तक नजर आता रहे यह उनका प्रयास था। अंतिम प्रवचन में उन्होंने कहा था कि मैने 10 निर्यापकों को संघ सौंप दिया है। गुरू की आज्ञा से यदि मुझे संसार में तो क्या आकाश में भी क्षेद करने के लिए कहा जाए तो में गुरू आज्ञा मानने को तैयार हूं। गुरू की आज्ञा बहुत बड़ी है। आप सभी ने गुरू का मेरे प्रति वात्सल्य देखा होगा। आचार्य समयसागर जी हमारे संघ में बड़े भाई हैं और वर्तमान में आचार्य पद का निर्वाह कर रहे हैं।

इस मौके पर सांगानेर से आए डॉ सुरेन्द्र भारती ने कहा कि दर्शनोदय तीर्थ क्षेत्र थूवोनजी के लिए यह एक इतिहास की बात है। यहां उपस्थित समाज इस बात का गवाह है कि आपके द्वारा जो दीक्षा का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। वह ब्रम्हचारी भैयाओं की इच्छा थी उसके अनुसार दिया गया है। उन्होंने कहा कि आप सांगानेर में चल रहे केन्द्र के संरक्षक हैं और 1000 ग्रन्थों का प्रकाशन साहित्य के क्षेत्र में यहां से हुआ है। यहां आध्यात्म की शिक्षा प्राप्त करने वाले 3 ब्रम्हाचारी भैया आज यहां दीक्षार्थी हुए हैं।

इस मौके पर सुशीला पाटनी ने कहा कि आज मुझे इस कार्यक्रम में शामिल होने पर आंनद की अनुभूति हो रही है। मैं सभी दीक्षार्थीयों से यह कहना चाहती हूं कि वह दीक्षा लेने के बाद अपने गुरू का नाम रोशन करें।

### सभी ब्रम्हचारी भैया ने अपने गृहस्थ जीवन के लोगों से क्षम याचना की और और गुरू से दीक्षा मांगी

जैनेश्वरी दीक्षा से पहले दीक्षा प्राप्त करने वाले सभी ब्रम्हचारी भैयाओं के केश लोचन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां सभी दीक्षा प्राप्त करने वाले ब्रम्हचारी भैयाओं ने अपने हाथों से स्वयं बाल निकाले जिसके बाद जैनेश्वरी दीक्षा से पहले सभी ब्रम्हचारी भैया मुनि श्री के समक्ष पहुंचे और बारी बारी से उन्होंने अपने नाम के साथ जन्म स्थान और शिक्षा आदि से अवगत कराते हुए कहा कि अभी तक वह गृहस्थ जीवन का पालन करते आ रहे थे। आज के बाद वह अपने जीवन में वैराग्य के पद पर चलने के लिए अपनी इच्छा से आए हैं। उन्होंने अपने माता पिता, परिवारजनों और गृहस्थ जीवन से जुडे उन सभी लोगों को याद किया जिनके साथ उन्होंने जीवन बिताया था। इसके अलावा उन्होंने कहा कि वह अपने गुरू के प्रति नतमस्तक हैं जिन्होंने उन्हें दीक्षा देने के लिए स्वीकार किया। उन्होंने अपने गृहस्थ जीवन के सभी जनों से माफी मांगी और वैराग्य कैसे आया इसका भी वर्णन उन्होंने अपने उदवोधन में किया। इस कार्यक्रम में विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव, नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया भी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में आसपास के जिलो से बड़ी संख्या में श्रद्धालु जैनेश्वरी दीक्षा देखने पहुंचे थे। अशोकनगर शहर से थूवोन क्षेत्र कमैटी द्वारा बसों का संचालन किया गया था।











### मुनिश्री ने मंत्रोच्चार के साथ दीक्षा दी और पिच्छी कमंडल प्रदान किए

जब जैनेश्वरी दीक्षा देने का समय आया तब मुनिश्री सुधासागर जी महाराज ने सबसे पहले अपने संघ के संघस्थ क्षुल्लक वरिष्ठ सागर जी और विदेह सागर जी को दीक्षा प्रदान की। उन्होंने अपने हाथों से उनके सिर पर हाथ रखकर मत्रोंच्चार के साथ दीक्षा प्रदान करते हुए उनके दोनों हाथो में सामग्री प्रदान की। इसी तरह ब्रम्हचारी भैया जो पहली बार दीक्षा ले रहे थे उनकों भी मंत्रोच्चार के साथ दीक्षित किया और वह जो भी वस्त्र पहनकर आए थे उन्हे बारी बारी से हटाया गया। अब ऐलक की दीक्षा के साथ वह अब एक लंगोट के रूप में पिच्छी कमण्डल के साथ ऐलक मुनि के रूप में जाने जाएगें। इस मौके पर यजमान को दीक्षार्थीयों ने अपने हाथों में जो सामग्री दी गई थी उसे प्रदान की और थाली की सामग्री परिवार जनों को प्रदान की गई। इस पूरे आयोजन में प्रदीप भैया की विशेष भूमिका रही। कार्यक्रम का संचालन विजय धुर्रा ने किया।

दीक्षा के बाद मुनि श्री ने नया नामकरण किया

क्षुल्लक श्री वरिष्ठ सागर जी दीक्षा के बाद ऐलक श्री वरिष्ठ सागर
क्षुल्लक श्री विदेह सागर जी दीक्षा के बाद ऐलक श्री विदेह सागर
ब्रम्हचारी भैया मोनू दीक्षा के बाद ऐलक श्री सुज्ञान सागर जी
ब्रम्हचारी भैया सोनू दीक्षा के बाद ऐलक श्री सुयोग सागर जी
ब्रम्हचारी भैया अक्षय दीक्षा के बाद ऐलक श्री सुमेध सागर जी
ब्रम्हचारी भैया अतिशय दीक्षा के बाद ऐलक श्री सुवोध सागर जी
ब्रम्हचारी भैया विवेक दीक्षा के बाद ऐलक श्री सुनय सागर जी
ब्रम्हचारी भैया कमलेश दीक्षा के बाद ऐलक श्री सुधर्म सागर जी
ब्रम्हचारी भैया अंकित दीक्षा के बाद ऐलक श्री सुयश सागर जी
ब्रम्हचारी भैया संयम दीक्षा के बाद ऐलक श्री सुदया सागर जी
ब्रम्हचारी भैया सुयश दीक्षा के बाद ऐलक श्री सुगुण सागर जी
ब्रम्हचारी भैया आशु दीक्षा के बाद ऐलक श्री सुविवेक सागर जी
ब्रम्हचारी भैया अंकुर दीक्षा के बाद ऐलक श्री सुशांत सागर जी
ब्रम्हचारी भैया राहुल दीक्षा के बाद ऐलक श्री सुचेतन सागर जी

## नाबालिग बालिका को किया दस्तयाब ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस को मिली सफलता



**अशोकनगर।** 21 नबंवर को फरियादी द्वारा थाना नईसराय पर आकर अपनी 17 बर्षीय नाबालिग बालिका की अपहृत होने की रिपोर्ट की थी। जिस पर से थाना नईसरांय में अपराध क्रमांक 201/2025 धारा 137(2) बी.एन.एस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। पुलिस ने 17 घण्टे में उक्त बालिका को इन्दौर से दस्तयाब किया है।

मामले की गंभीरता देखते हुये थाना प्रभारी नईसरांय उनि. पुनीत दीक्षित द्वारा अपहर्ता की तलाशी हेतु टीम गठित कर साइवर सैल से प्राप्त तकनीकि साक्ष्यों के आधार पर नाबालिग की पतारसी शुरु की। ऑपरेशन मुस्कान के तहत रविवार को नाबालिग अपहर्ता को इंदौर से दस्तयाव किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी नईसरांय उनि. पुनीत दीक्षित, सउनि. अभिजीत विसेन, प्रआर. अशोक सिंह रघुवंशी, प्रआर. तूफान सिंह, प्रआर. धर्मवीर रघुवंशी, आर. हरि लोधी, आर. शिवराम रघुवंशी, म.आर. राखी कंवर की उल्लेखनीय भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक द्वारा सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों को पुरुस्कृत करने की घोषणा की गई है।

## हत्याकाडं के फरार चल रहे अपराधी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**अशोकनगर।** पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारी, समस्त थाना प्रभारी एवं समस्त चैकी प्रभारियों को फरार वारंटियो की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया था। जिसे देखते हुए शाढ़ौरा पुलिस ने थाना शाढौरा के हत्या के सनसनी खेज मामले में फरार चल रहे 5000 रूपये के इनामी फरारी गिरफ्तारी वारंटी माधोसिह पुत्र दौलतसिह शिकारी उम्र 60 साल निवासी ग्राम दरेंशी थाना शाढौरा हाल ग्राम माधौपुर थाना म्याना जिला गुना को गिरफ्तार कर लिया गया है। उल्लेखनीय है कि फरार अपराधी माधोसिह पुत्र दौलतसिह शिकारी उम्र 60 साल निवासी ग्राम दरेंशी थाना शाढौरा हाल ग्राम माधौपुर थाना म्याना जिला गुना के विरुद्ध 1993 में थाना शाढौरा क्षेत्र में हत्या का सनसनीखेज मामला दर्ज हुआ था आरोपी लंबे समय से गिरफ्तारी से बचने के कारण उसके ठिकानो पर कई बार दबिश दी परंतु सफलता नही मिली फरार अपराधी माधोसिह पुत्र दौलतसिह शिकारी उम्र 60 साल निवासी ग्राम दरेंशी थाना शाढौरा हाल ग्राम माधौपुर थाना म्याना जिला गुना की तलाश थाना क्षेत्र में व अन्य जिलो में लगातार दबिश दी जा रही थी जिसे 21 नबंवर को मुखबिर की सूचना पर से ग्राम माधौपुरा थाना म्याना जिला गुना से गिरफ्तार कर लिया गया है। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी शाढौरा निरी. सुनील सिकरवार, सउनि. जगदीश शर्मा, सउनि. चन्द्रपाल नामदेव, प्र.आर. जितेन्द्र रघुवंशी, प्र.आर. ललित चैहान, आर. उमेश खटीक, आर. रवि अहिरवार थाना शाढौरा की सराहनीय भूमिका रही है।

## थाना मुंगावली ने गिरफ्तारी वारंटी को धारदार हथियार सहित गिरफ्तार किया



**अशोकनगर।** 22 नबंवर को थाना प्रभारी मुंगावली उनि. जोगेन्द्र सिंह यादव द्वारा गिरफ्तारी वारंटी मंगल सिंह सांसी पिता गुलाब सिंह सांसी उम्र 27 वर्ष निवासी भटपुरा थाना मुंगावली को दो पूर्व पंजीबद्ध पृथक-पृथक अपराधों में न्यायालय द्वारा जारी गिरफ्तारी वारंटों के अनुपालन में गिरफ्तार किया गया है। उल्लेखनीय है कि 22 नबंवर को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि उक्त वारंटी नई गल्ला मंडी के पास स्थित पहाड़ी पर किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की नीयत से छिपा खड़ा है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए तत्काल पुलिस टीम गठित कर मौके के लिए रवाना किया गया। मौके पर पहुंचकर आरोपी की घेराबंदी कर उसे पकड़ा गया, जिसने पूछताछ में अपना नाम मंगल सिंह सांसी बताया। मौके पर की गई तलाशी में उसके पास से एक छुरा बरामद हुआ। तत्क्षण आरोपी को विधिसम्मत गिरफ्तार कर छुरा जप्ती का पंचनामा तैयार किया गया। घटना पर धारा 25 बी आर्म्स एक्ट के तहत नवीन प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इसके साथ ही आरोपी को पूर्व में जारी दोनों गिरफ्तारी वारंटों में भी विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय मुंगावली प्रस्तुत किया गया। न्यायालय के आदेश पर जेल वारंट तैयार कर आरोपी को जेल निरुद्ध किया गया है।

## न्यायालय द्वारा थाना पिपरई के हत्या के इनामी आरोपी जूली आदिवासी को फरार घोषित किया

**अशोकनगर।** थाना पिपरई पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा द्वारा गंभीर अपराधों आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया था अति. पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कवर एस.डी.ओ.पी. मुंगावली सनम बी खांन के निर्देशन में फरार चल रहे ईनामी आरोपी जूली आदिवासी निवासी ईमलिया को फरार घोषित किया गया। थाना पिपरई में दिनांक 18.11.2024 को फरियादी बलवीर सिंह पुत्र जंगली आदिवासी उम्र 24 साल निवासी ग्राम इमलिया द्वारा रिर्पोट की गई कि जूली आदिवासी ने जमीनी विवाद चलने पर से रंजिस के कारण हमारे घर में आकर मेरे पिता जंगली आदिवासी को सोते समय जान से मारने की नियत से कुल्हाडी सिर व माथे पर मारी जिससे चोट होकर खून निकला जिससे मेरे पिता खत्म हो गये फरियादी की रिपोर्ट से अपराध कमांक 313/2024 धारा 103 (3) भा.न्या.स. कायम कर विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना घटना स्थल का नक्शा मौका, कथन फरियादी व कथन साक्षीगण लेख किये गये। प्रकरण का आरोपी जूली आदिवासी घटना दिनांक से फरार है। आरोपी की पतारसी हेतु हरसंभव प्रयास किये गये परन्तु आरोपी नहीं मिला। आरोपी अपने पास मोबाईल नहीं रखता है जिससे उसकी जानकारी प्राप्त नहीं हो पा रही है। आरोपी की सभी रिश्तेदारियों में आरोपी की पतारसी की गई परन्तु किसी के द्वारा सार्थक जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी। आरोपी का आधार कार्ड प्राप्त कर आधार सर्च कराया गया। प्राप्त एक्टिव नंबरों की सीडीआर ली गई जो निल प्राप्त हुई है। आरोपी की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा 5000 रूपये का ईनाम घोषित किया गया है। आरोपी की तलाशी हेतु उसकी रिश्तेदारियों एवं संभावित स्थानों पर लगातार की गई कोई जानकारी प्राप्त नही हुई। आरोपी की चल अचल संपत्ति की जानकारी तहसील पिपरई से प्राप्त की गई आरोपी के नाम कोई सम्पत्ति नही होना पाया गया। आरोपी जूली आदिवासी की तलाश हेतु ग्राम ईमलिया व चन्देरी में की गई जो गिरफ्तारी से बचने के लिए छुप रहा है ।

### कैथन नदी के पुल में दिखाई दे रहे हैं सरिया

# खोपरा से मिर्जापुर, मिर्जापुर से नरखेड़ा, गोरा से सिरसोरा और बर्री से कुम्हर्रा सड़कें जर्जर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



बहादुरपुर क्षेत्र के कुछ गांव हाल ही में पक्की सड़कों से जुड़े हैं। इन गांवों के लिए यह सड़कें किसी बड़ी उम्मीद के पूरे होने जैसी हैं, लेकिन ठेकदारों ने इन्हें कुछ इस तरह बनाया है कि जब से सड़कें बनी हैं, तब से हर साल उखड़ रही हैं। चूंकि पांच वर्ष का गारंटी पीरियड खत्म नहीं होने के कारण इन पर हर बार डामर की एक पतली सी परत बिछाकर मरम्मत कर दी जाती है। जिससे यह परत अगली बरसात में फिर से उखड़ जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक गारंटी है तब तक तो ठीक लेकिन गारंटी पूरी होने के बाद अगर इन सड़कों का यही हाल हुआ तो क्या होगा

बीती बरसात के बाद कैथन नदी के पुल पर दो तीन बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिनसे सरिया निकल कर बाहर आ चुके। इस संबंध में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क के उपयंत्री सुदीप साहू बताते हैं कि उसका निरीक्षण कर लिया गया है। जल्द ही पेंचवर्क होगा। वहीं बर्री से मिर्जापुर और गोरा से सिरसोरा तक की उखड़ी हुई सड़क के बारे में लोक निर्माण विभाग के उपयंत्री लक्ष्मण प्रजापति का कहना है कि गोरा से सिरसोरा का काम आज ही लगाया गया है। खोपरा से मिर्जापुर तक पेंचवर्क होने लगा है और नरखेड़ा वाली सड़क का भी जल्द कराते हैं। दरअसल, लोक निर्माण विभाग द्वारा बीते दो तीन सालों में बहादुरपुर के पूर्व दिशा में खोपरा गांव से मिर्जापुर, मिर्जापुर से नरखेड़ा, बर्री से नरखेड़ा, बर्री से कुम्हर्रा, गोरा से सिरसोरा, खिरिया से बाबरोद और खिरिया से बलख चक्क, इस तरह कुल मिलाकर सात छोटी छोटी सड़कें बनाई हैं। सभी सड़कों के निर्माण अलग अलग ठेकदारों द्वारा किए गए हैं। इन सड़कों के निर्माण से एक ओर जहां ग्रामीणों की एक बड़ी आबादी पक्की सड़कों से जुड़ी है। वहीं खेती किसानी में बड़ा सुधार हुआ है। इन सड़कों से जुड़ने के बाद करीब एक दर्जन गांवों के लोग खेती, पशुपालन, सब्जी उत्पादन, दुग्ध उत्पादन जैसे धंधों को कर आर्थिक रूप से समृद्ध हो रहे हैं।

**12 साल पहले पुल बनने से बदली दशा:** बहादुरपुर की पूर्वी दिशा में कैथन नदी बहती है। इस नदी पर सन 2013 में पुल बनकर तैयार हुआ था। इसके बाद इस दिशा में बसे दर्जन भर से ज्यादा गांवों की समृद्धि के द्वार खुले। इससे पहले नदी को तैर कर या ट्यूब पर बैठकर पार करना होता था। सभी रास्ते कच्चे थे। बरसात के चार महीनों में तो इन गांवों के लोग मानो गांव में ही कैद होकर रह जाते थे। पुल बनने के बाद बर्री और गोरा तक प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क बनी। इन दोनों सड़कों से लिंक जोड़कर अन्य गांवों तक लोक निर्माण विभाग ने सड़कें बनाई। जिन्हें खूंटियां बमौरी से लेकर घाट बमुरिया जाने वाले मुख्य जिला मार्ग से जोड़ा गया। जिससे इस क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछ गया।

खास बात है कि जिस तरह से अलग अलग विभागों ने जिम्मेदारी निभाकर इस इलाके को सड़कों से जोड़ा। उसी कारण से भी ग्रामीणों को समस्या भी खड़ी होती है। जैसे पुल को ब्रिज कॉरपोरेशन ने बनाया, दो सड़कें प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना से बनी और अन्य सात सड़कें लोक निर्माण विभाग से बनाई गई। इस तरह किस विभाग से कौन सी सड़क बनाई गई है और किस सड़क में सुधार के लिए कहां संपर्क करना है। ग्रामीणों के लिए यह बड़ी पहेली बन जाता है।

### संदीपनी स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

# पुलिस टीम ने छात्राओं को गुड-टच और बैड-टच की दी महत्वपूर्ण जानकारी



**पिपरई।** पुलिस विभाग द्वारा संचालित ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत शुक्रवार को संदापनि स्कूल में एक विशेष जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें बड़ी संख्या में छात्राएं, शिक्षक और विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को सुरक्षा, सतर्कता और आत्मरक्षा से जुड़े विषयों पर जागरूक करना था।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम ने बाल सुरक्षा, महिलाओं के खिलाफ अपराध रोकथाम तथा गुड-टच और बैड-टच की पहचान संबंधी विस्तृत जानकारी दी। छात्राओं को समझाया गया कि कौन-सा स्पर्श सुरक्षित है और किस प्रकार की स्थिति में उन्हें तुरंत सतर्क होकर मदद मांगनी चाहिए। टीम ने वास्तविक उदाहरणों और सरल भाषा के माध्यम से छात्राओं को जागरूक करते हुए बताया कि किसी भी प्रकार की असहजता या खतरा महसूस होने पर वे तुरंत अपने परिजनों, शिक्षकों या पुलिस हेल्पलाइन नंबर पर सूचना दें। थाना प्रभारी प्रशांत यादव ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि ऑपरेशन मुस्कान का उद्देश्य बच्चों और किशोरियों को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि बढ़ते साइबर अपराध, छेड़छाड़ और अन्य अपराधों को देखते हुए छात्राओं का जागरूक होना बेहद जरूरी है। थाना प्रभारी ने यह भी कहा कि पुलिस हर समय बच्चों की सुरक्षा के लिए तत्पर है और शिकायत मिलने पर तुरंत कार्रवाई की जाती है। कार्यक्रम में पुलिस टीम द्वारा एक विशेष प्रस्तुति भी दी गई, जिसमें गुड-टच और बैड-टच को दर्शाने वाली स्किट प्रस्तुत की गई। प्रस्तुति के माध्यम से छात्राओं को यह समझाया गया कि यदि कोई व्यक्ति अनुचित तरीके से संपर्क करता है, तो उन्हें बिना डर के तुरंत 'न' कहना चाहिए और भरोसेमंद व्यक्ति को इसकी जानकारी देनी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान एक छात्रा ने हिम्मत दिखाते हुए अपनी एक निजी समस्या पुलिस टीम के सामने रखी।

पुलिस अधिकारियों ने तुरंत उसकी बात सुनी और आवश्यक कानूनी व सुरक्षा सहायता का भरोसा दिलाया। इस पर थाना प्रभारी ने कहा कि ऐसी समस्याओं को छिपाने के बजाय सामने लाना आवश्यक है, ताकि अपराध को रोका जा सके और पीड़ित को न्याय मिल सके।

### निर्वाचन से जुड़े अधिकारियों, कर्मचारियों के सामूहिक प्रयास ला रहे रंग

# एसआईआर: जिले की पांचों विधानसभाओं को मिलाकर 65 फीसदी कार्य पूर्ण हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

इसे एक बड़ी उपलब्धि ही कहा जाएगा की राजगढ़ जिले में मतदाता सूचियों का स्पेशल इंटेसिव रिवीजन (एसआईआर) कार्य लगभग 65 फीसदी के लगभग पूर्ण हो चुका है। एसआईआर कार्य के शुरूआती दिनों में जहां राजगढ़ जिला मप्र के अंडर 5 जिलों में शामिल था, वहीं अब बढ़त बनाते हुए अन्य जिलों की अपेक्षा अच्छे मुकाम पर पहुंच चुका है। जिले में कुल 11 लाख 78 हजार 113 मतदाताओं के गणना पत्रकों का डिजिटाईजेशन होना है, जिनमें से कल 23 नवंबर की शाम 6 बजे तक की स्थिति में 7 लाख 60 हजार 78 मतदाताओं के फार्म डिजिटाईज्ड किए जा चुके थे।

आपको बतादें कि जिले में मतदाता सूचियों का यह गहन पुनरीक्षण कार्य 4 नवंबर से आरंभ हुआ था। शुरूआत के सात-आठ दिन तो गणना पत्रकों को घर-घर बांटने में ही निकल गए। ऐसे में एसआईआर कार्य की प्रगति जिले में खासी अच्छी नहीं थी। ऐसे में जिला निवार्चन अधिकारी, उप-जिला निवार्चन अधिकारी एवं एडीएम प्रताप सिंह चैहान, सभी पांचों अनुभागों के रिटर्निंग ऑफिसरों ने इस कार्य को सर्वोच्य प्राथमिकता में रखा। अधिकारियों द्वारा जहां एसआईआर कार्य में लापरवाही बरतने वाले बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) पर सस्पेंशन सहित अन्य कार्यवाहियां की गई वहीं अच्छे प्रदर्शन वाले बीएलओ को सम्मानित भी किया गया। इसी का नतीजा है कि आज जिले की पांचों विधानसभाओं को मिलाकर लगभग 65 फीसदी गणना पत्रकों का डिजीटाईजेशन पूर्ण हो चुका है।

## दिन के साथ-साथ रात में भी कार्य कर रहा एसआईआर कार्य से जुड़ा अमला



11 दिन की अवधि ही शेष बची है।

### एसआईआर कार्य में खिलचीपुर विस अव्वल

एसआईआर कार्य की विधानसभावार प्रगति की बात करें तो पांचों विधानसभाओं में खिलचीपुर विस अव्वल है। 23 नवंबर की शाम 6 बजे तक खिलचीपुर विधानसभा में लगभग 73.26 प्रतिशत मतदाताओं के गणना पत्रकों को डिजिटाईज्ड करने का कार्य पूर्ण किया जा चुका था।

### हर 2 घंटे में हो रही एसआईआर कार्य की मॉनिटरिंग

अधिकारियों द्वारा प्रतिदिन हर 2 घंटे में बूथवाइज एसआईआर कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए रिपार्टस प्राप्त की जा रही है। सभी बीएलओ, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, आंगनवाड़ी, निकायों व पंचायत का अधीनस्थ अमला दिन के साथ-साथ रात में भी इस काम को पूर्ण करने में जुटा हुआ है।

### 4 दिसंबर तक की डेडलाइन, 11 दिन शेष

निर्वाचन आयोग ने एसआईआर का संपूर्ण कार्य 4 दिसंबर 2025 तक पूर्ण करने की समय-सीमा निर्धारित की हुई है। ऐसे में शेष बचे मतदाताओं से प्राप्त गणना-पत्रकों को डिजिटाइज्ड करने में अब सिर्फ

### एसआईआर पूर्णता की विधानसभा वार स्थिति

| विधानसभा | मतदाता | डिजिटाईजेशन | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| नरसिंहगढ़ | 245354 | 155082 | 63.21 |
| ब्यावरा | 246317 | 146396 | 59.43 |
| राजगढ़ | 237827 | 139756 | 58.76 |
| खिलचीपुर | 238320 | 174594 | 73.26 |
| सारंगपुर | 210295 | 144250 | 68.59 |
| कुल | 1178113 | 760078 | 64.52 |

जिला निर्वाचन कार्यालय, राजगढ़)

### इनका कहना है...

सामूहिक प्रयासों एवं मेहनत से एसआईआर कार्य की प्रगति में उत्तरोत्तर बढ़ोतरी हुई है। निर्धारित डेडलाइन तक इस काम को 100 फीसदी पूर्ण कर लेंगे।

**प्रताप सिंह चौहान, एडीएम एवं उप-जिला निवार्चन अधिकारी, राजगढ़**

### नहरों से सिंचाई की मॉनिटरिंग के लिए बनाया एकीकृत कंट्रोल रूम

# इस वर्ष मोहनपुरा बांध से 1 लाख 47 हजार हे. क्षेत्र में होगी सिंचाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले की दशा और दिशा में आमूलचूल बदलाव लाने वाली मोहनपुरा सिंचाई परियोजना से इस साल अपने तय लक्ष्य 1 लाख 45 हजार हेक्टेयर से भी बढ़कर 1 लाख 47 हजार 155 हेक्टेयर क्षेत्र में प्रेशराईज्ड नहरों से खेतों में सिंचाई होगी। अंडरग्राउण्ड प्रेशराईज्ड पाइप लाईनों के जरिए बांध से सीधे खेतों तक पानी पहुंचाने की इस परियोजना के लिए जिला मुख्यालय पर एकीकृत नियंत्रण कक्ष भी बनाया गया है। यहां से मोहनपुरा के साथ ही कुंडालिया बांध के सभी 7 पंप हाऊसों पर नियंत्रण रखा जा सकेगा। आपको बतादें कि मोहनपुरा बांध की चार अलग-अलग योजनाओं के तहत एक लाख 45 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई प्रस्तावित थी, लेकिन क्षेत्र की बढ़ती सिंचाई जल की मांग को देखते हुए तकनीकि अमले ने प्रोजेक्ट को और अधिक प्रभावी करते हुए अतिरिक्त किसानों को लाभांवित किया है। इससे डेम से सिंचाई क्षमता बढ़कर एक लाख 47 हजार 155 हेक्टेयर पर पहुंच गई है।

### रुका पलायन, आए आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृति बदलाव

मोहनपुरा बांध की नहरों शुरू होने के पहले जिले से हर साल 51 हजार लोग स्थाई व एक लाख से अधिक लोग रोजगार के लिए अन्य जिलों व राज्यों में अस्थाई पलायन करते थे। पलायन का यह ग्राफ तेजी से कम हुआ और लोग यहीं रहकर स्थाई रूप से दो व तीन फसलों की खेती करने लगे हैं। इससे किसानों को जहां आर्थिक लाभ हुआ। वहीं सामाजिक एवं सांस्कृति बदलाव भी अब नजर आने लगे हैं।

### इनका कहना है...

पूरी टीम के सतत प्रयासों से निर्धारित अवधि में लक्ष्य से भी अधिक पूर्ति करते हुए बांध से सीधे खेतों तक हम पानी पहुंचा रहे हैं।

**विकास राजोरिया, अधीक्षण यंत्री एवं परियोजना प्रशासक एमकेपीएमयू, राजगढ़**

## 10 लाख रुपए से होना है मोरसरा पुलिया का निर्माण

**लखनवास।** ब्यावरा जनपद की ग्राम पंचायत सुंदरपुरा में सात महीने पहले राशि निकाल ली गई। जमीनी स्तर पर कोई निर्माण कार्य नहीं किया गया। जब आठ नबंवर को सामचार पत्र में प्राथमिकता से उठाया तब जाकर ग्राम पंचायत सुंदरपुरा के सरपंच व सचिव ने पुलिया निर्माण कार्य शुरू किया। सुंदरपुरा की मोरसरा पुलिया निर्माण के नाम से बिना काम किए 9 लाख 66 हजार रुपए सरपंच व सचिव ने जनपद के अधिकारी की सांठगांठ से निकाल लिए गया था। जिसका 16 नवम्बर को काम चालू किया गया। अब उसी काम में भ्रष्टाचार किया जा रहा है। 2 फिट नींव खोद कर बिना बेस बनाए सीमेंट पाइप जमीन पर ही रख दिया। डस्ट वाली गिट्टी जिसमें आदि धूल और मिट्टी मिली है उसी गिट्टी का उपयोग किया जा रहा है। दोनों साइट दीवार उठाई जा रही उसमें सीमेंट भी नाम मात्र की मिला रहे है। समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया तो पुलिया ज्यादा दिन टिकने वाली नहीं है। पहली बारिश में उखड़ जाएगी।

### इनका कहना है...

अभी मैं हड़ताल में था। कल जाकर देखूंगा।

**अरुण कुमार जनपद**
पंचायत इंजीनियर ब्यावरा

### 9 डिग्री सेल्सियस पहुंचा जिले का न्यूनतम तापमान

## एक पखवाड़े बाद शीतलहर से मुक्ति, पारे में भी उछाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले में बीते करीब एक पखवाड़े से चल रही शीतलहर से परेशान लोगों ने अब कहीं जाकर राहत की सांस ली है। शीतलहर बंद होने के साथ-साथ न्यूनतम तापमान में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। कुछ दिनों पहले जिले का न्यूनतम तापमान जो 5 डिग्री सेल्सियस लुढ़क चुका था वो अब बढ़ते हुए 9 डिग्री तक पहुंच चुका है।

रविवार को पूरे दिन राजगढ़ नगर सहित जिले भर में धूप खिली रही। जिन किसानों ने अपने खेतों में बोवनी कर रही है, उनकी फसलों के लिए यह धूप काफी अनुकूल रहेगी। हालांकि, शाम होते ही पुनः ठंड का अहसास हो रहा है और लोग गर्म कपड़े पहनकर ही बाहर निकल रहे हैं। मौसम के जानकारों के अनुसार अगले कुछ दिनों तक जिले का न्यूनतम तापमान 8-9 डिग्री के आसपास ही रहेगा परन्तु दिसंबर की शुरूआत के साथ ही तापमान में गिरावट शुरू हो जाएगी।

**बीते एक हफ्ते में जिले का तापमान (तापमान डिग्री/सेल्सियस में)**

| दिनांक | न्यूनतम |
|---|---|
| 23 नवंबर | 9.0 |
| 22 नवंबर | 8.6 |
| 21 नवंबर | 8.4 |
| 20 नवंबर | 7.5 |
| 19 नवंबर | 6.5 |
| 18 नवंबर | 5.8 |
| 17 नवंबर | 5.0 |

### संयुक्त टीम को मिली सूचना के बाद की गई कार्रवाई

## भोजपुर, करकरी और पीपल्याकुल्मी में 3 बाल-विवाह रोके

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

बाल-सगाई और बाल-विवाह पर पूर्णतः अंकुश लगाने प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा जागरुकता प्रयासों के साथ कार्यवाहियां भी अनवरत जारी हैं। इसी कड़ी में रविवार को महिला बाल विकास विभाग, पुलिस एवं अहिंसा वेलफेयर सोसायटी की संयुक्त टीम ने सूचना मिलने पर भोजपुर, करकरी और पीपल्याकुल्मी में होने जा रहे तीन संभावित बाल-विवाहों को रुकवा दिया। भोजपुर से मिली सूचना के बाद टीम मौके पर पहुँची। परिजनों ने बताया कि बालिका की केवल सगाई हुई है और



शादी अभी नहीं करेंगे। टीम ने परिजनों और ग्रामीणों को स्पष्ट कहा कि 18 वर्ष से कम उम्र की लड़की और 21 वर्ष से कम उम्र के लड़के का विवाह पूरी तरह अवैध है और ऐसा करने पर अनिवार्य रूप से एफआईआर दर्ज की जाएगी।

**15 वर्षीय बालिका का विवाह परिवार ने किया स्थगित:** करकरी गांव में 15 वर्ष की नाबालिग बालिका का विवाह किए जाने की सूचना पर संयुक्त टीम मौके पर पहुँची। पूछताछ में पाया गया कि विवाह की तैयारी चल रही थी। समझाइश के बाद परिवार ने विवाह स्थगित कर दिया और भविष्य में कानून का पालन करने की बात कही।

**पिपलिया कुल्मी में नाबालिग दूल्हा मिला:** पीपल्याकुल्मी गांव में एक नाबालिग का विवाह कराया जा रहा है। मौके पर एक 15 वर्षीय किशोर मिला जिसके शरीर पर हल्दी लगी हुई थी। किशोर ने पूछताछ में स्वीकार किया कि उसकी शादी होने वाली थी। दस्तावेजों की जांच में उम्र 15 वर्ष ही पाई गई। संयुक्त टीम ने परिजनों को सख्त हिदायत दी कि बाल विवाह कानूनन अपराध है और यदि विवाह कराया तो एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## धूमधाम से मनाई गई वीरांगना झलकारी बाई जयंती

**नरसिंहगढ़।** शनिवार को थावरिया स्थित मां नगरकोट मंदिर परिसर में मां नगरकोट पारायण समिति एवं कोली समाज द्वारा वीरांगना झलकारी बाई जयंती हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ वीरांगना झलकारी बाई के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोविंद प्रसाद महावर, विशेष अतिथि ओमप्रकाश महावर, तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. धन्नालाल महावर ने की।

विशेष अतिथि ओमप्रकाश महावर ने झलकारी बाई को भारत के इतिहास की वीर, साहसी और प्रेरणादायी महिलाओं में एक बताते हुए कहा कि वे रानी लक्ष्मीबाई की सेना में



महिला सैनिक दल दुर्गा दल की प्रमुख थीं। मुख्य अतिथि गोविंद प्रसाद महावर ने 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में झलकारी बाई के अमूल्य योगदान पर प्रकाश डाला और उनके जीवन परिचय से उपस्थित समाजजनों को अवगत कराया। मंच संचालन देव महावर द्वारा किया गया। उन्होंने वीरांगना झलकारी बाई के बचपन के एक साहसिक प्रसंग का उल्लेख करते हुए बताया कि कैसे जंगल में लकड़ी लेने गई झलकारी बाई ने केवल कुल्हाड़ी के सहारे बाघ का बहादुरी से सामना किया और उसे परास्त कर दिया। कार्यक्रम में यश महावर, पवन महावर, त्रिलोक महावर, महेश महावर, अजय महावर, चंदन महावर, भानु महावर, बाबूलाल महावर, दीपक महावर, ललित महावर, हेमंत महावर, किशोर महावर सहित कोली समाज के अनेक सदस्य मौजूद रहे।

## कबीर पंथ महंत के सानिध्य में आनंदी चौका आरती संपन्न



**जीरापुर।** सदगुरू कबीर साहेब आनंदी चौका आरती एवं कवरलाल रामीबाई मालवीय की चारधाम यात्रा सफलतापूर्वक संपन्न करने के उपलक्ष्य में डग बालाजी मंदिर परिसर में आनंदी चौका आरती समारोह संपन्न हुआ। महंत गोपाल दास साहब बरुखेडी, कबीर पंत मंहत आत्माराम दास के सानिध्य में विभिन्न आयोजन सम्पन्न हुए, जहां भक्तों ने श्रद्धा एवं उत्साह के साथ आरती में सहभागिता की।

इस अवसर पर महंत गोपाल दास साहेब ने अपने मुखारबिंदु से बताया कि कबीर पंथ महंतों द्वारा भजन एवं दिव्यवाणियों से समाज जनों को मार्गदर्शी एवं कबीर पंथ द्वारा हर समय मालवी समाज के युवाओं एवं महिलाओं में उत्साह वर्धन करते हैं। इस पुनीत अवसर पर कहा कि आज हमारे समाज में 90 प्रतिशत समाज बंधु मांस मदिरा मुक्त हो चुके हैं। समाज में धार्मिक वातावरण में भजन-कीर्तन के साथ आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव किया जा रहा है। समाज बंधु महिला बच्चे सभी समाज की उन्नति की ओर प्रयास रत है डग रोड बालाजी मंदिर पर संध्या पाठ एवं भजन सत्संग आयोजन में मुख्य अतिथि लालजी राम मालवीय, पूर्व विधायक कृष्ण मोहन मालवीय, पूर्व विधायक आगर, भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर, खिलचीपुर विधायक हजारीलाल दांगी, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि कालू सिंह तोमर, कमलसिंह पवांर पुर्व मण्डी अध्यक्ष, पार्षद पवन राठौर माचलपुर, भोजराज गुर्जर रामगढ को साफा फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। जहां पर जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## जनजातीय गौरव दिवस और भगवान बिरसा मुंडा जयंती उत्साहपूर्वक मनाई



**सारंगपुर।** स्थानीय सेवा सदन कार्यालय में मंगलवार को जनजातीय गौरव दिवस एवं भगवान बिरसा मुंडा जयंती उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में राज्य मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल, सांसद रोडमल नागर, अपर कलेक्टर प्रताप सिंह, एसपी अमित तोलानी सहित अन्य अतिथियों ने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। मंत्री टेटवाल ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा केवल आदिवासी अस्मिता के प्रतीक ही नहीं, बल्कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक थे। अंग्रेजी शासन के अत्याचार, आदिवासियों की जमीनों की लूट और शोषण के विरुद्ध उनका संघर्ष इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू जाकर उन्हें श्रद्धांजलि दे चुके हैं।

मंत्री ने इस अवसर पर घोषणा की कि सारंगपुर में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थापित की जाएगी तथा आदिवासी समाज के इतिहास व अध्ययन हेतु पुस्तकालय भी खोला जाएगा। वहीं सांसद ने कहा कि बिरसा मुंडा ने जो संघर्ष अधूरे छोड़, उन्हें आगे बढ़ाना हम सभी का दायित्व है। कार्यक्रम में बडवानी और राजगढ़ से आए आदिवासी कलाकारों ने पारंपरिक परिधान में सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किए, जिससे पूरा वातावरण उत्सवमय बन गया। अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष राम भील ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा के विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक और प्रेरणादायी हैं। उनका जीवन हमें अन्याय के विरुद्ध खडे होने की शक्ति देता है। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाली आदिवासी छात्राओं को सम्मानित भी किया गया।

## अपर कलेक्टर ने एसआईआर कार्य का निरीक्षण किया

**सारंगपुर।** रविवार को ग्राम तारागंज स्थित मतदान केंद्र क्रमांक 118 पर चल रहे एसआईआर कार्य का प्रशासनिक टीम द्वारा निरीक्षण किया गया। राजगढ़ के अतिरिक्त कलेक्टर प्रताप सिंह चौहान एवं एसडीएम रोहित बम्होरे सारंगपुर नायब तहसीलदार गोपाल चौहान ने स्थल पर पहुंचकर बीएलओ द्वारा किए जा रहे एसआईआर प्रक्रिया की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने एवं संशोधन से संबंधित फार्मों की जांच की तथा कार्य की पारदर्शिता एवं शुद्धता पर जोर दिया। इस दौरान अतिरिक्त कलेक्टर ने बीएलओ को निर्देश दिए कि प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम सूची में शामिल हो तथा किसी भी प्रकार की त्रुटि न रहे। उन्होंने घर-घर सत्यापन कार्य को समय सीमा में पूर्ण करने और पात्र मतदाताओं को मार्गदर्शन उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए।

### गायत्री परिवार की जिला बैठक आयोजित

## मातृशक्ति व अखंड दीप जन्मशताब्दी वर्ष की कार्ययोजना तैयार की गई

गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ के नए जिला समन्वयक का सर्वसम्मति से हुआ चयन

**ब्यावरा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार जिला राजगढ़ की जिला बैठक रविवार को स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ पर सुबह 10 बजे संपन्न हुई। अखंडदीप एवं वंदनीया माताजी जन्मशताब्दी वर्ष 2026 के अंतर्गत आयोजित इस बैठक में जिले भर के सक्रिय परिजनों ने भाग लिया। कार्यक्रम में आगामी वर्ष के लिए संगठन के विस्तार और जन-जागरण अभियानों की रूपरेखा तय की गई। बैठक का शुभारंभ गुना उपजोन प्रभारी महेश केवट, जिला समन्वयक डॉ. ओपी पवार, युवा जिला समन्वयक भारत सिंह राठौड़ एवं मुख्य ट्रस्टी एड.आशीष उपाध्याय के मुख्य आतिथ्य में हुआ। अतिथियों ने गुरुदेव एवं गायत्री माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर बैठक की शुरुआत की। इसके बाद अर्चना साहू एवं कृष्णा सैनी ने युग




निर्माण सत संकल्प का वाचन कराया। बैठक में प्रांतीय युवा चिंतन शिविर के संकल्पों को तहसील स्तर तक ले जाने पर मंथन हुआ। वक्ताओं ने बताया कि जन्म शताब्दी वर्ष के अंतर्गत जिले में नए मंडलों का गठन, पत्रिका पाठक सम्मेलन, घर-घर गायत्री यज्ञ एवं संस्कार परंपरा को पुनः स्थापित करने जैसे महत्वपूर्ण अभियान चलाए जाएंगे। वहीं महेश केवट ने कार्यकर्ताओं को शताब्दी वर्ष में पूरी ऊर्जा के साथ जुट जाने का आह्वान किया।

बैठक के अंत में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए युवा संगठन में नेतृत्व परिवर्तन की घोषणा की गई। वर्तमान युवा जिला समन्वयक भारत सिंह राठौर ने आगामी कार्ययोजनाओं के क्रियान्वयन हेतु किशोर जानोरिया का नाम नए युवा प्रकोष्ठ जिला समन्वयक के रूप में प्रस्तावित किया। सदन में उपस्थित सभी परिजनों ने करतल ध्वनि के साथ इस प्रस्ताव का सर्वसम्मति से समर्थन किया। एवं भारत सिंह राठौर को जिला समन्वय समिति का जिला सह-समन्वयक बनाया गया। कन्या किशोर कौशल से पूर्णिमा सोनी व आओ गढ़े संस्कारवान पीढ़ी से वैशाली वैद्य ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन किशोर जानोरिया ने किया एवं आभार नीलिमा शर्मा ने माना। इस अवसर पर तहसील समन्वयक शीला दांगी, श्याम सुन्दर पाटीदार, हेमंत सक्सेना, उमेश सक्सेना, युवा प्रकोष्ठ से पवन वैष्णव, मोहन लववंशी, राजेश सिंह भदौरिया, विष्णु नागर सहित ब्यावरा से हवलदार सिंह, प्रवीण नामदेव, तेजकरण साहू, हरीश सक्सेना, चंद्रहास शर्मा, संतोष शाक्य, कानजी सौंधिया, प्रमोद साहू, भवानी शंकर भट्ट, श्रीकृष्ण बंसल, बीएल गुप्ता, जितेन्द्र पंवार, आदि उपस्थित थे।